2016

HINDI

(Major)

Paper : 5.4

(Hindi Ka Ekanki Sahitya)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) 'श्रेष्ठ एकांकी' के संपादक का नाम लिखिए।

(ख) 'बादल की मृत्यु' एकांकी के लेखक कौन हैं?

(ग) भुवनेश्वर-कृत एकांकी संग्रह 'कारवाँ' का प्रकाशन सन् लिखिए।

(घ) भारत भूषण अग्रवाल द्वारा रचित पठित एकांकी का नाम लिखिए।

(ङ) 'रीढ़ की हड्डी' किस प्रकार का एकांकी है?

(च) जयन्त कौन है?

(छ) चारुमित्रा कहाँ की रहने वाली है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) ''कलिंग देश वीरों का देश है, कन्याओं का नहीं।'' संदर्भ स्पष्ट कीजिए।

(ख) ''रीता हेवर्थ की टाँगों का बीमा हुआ है।'' कौन किससे कह रहा है? बीमे की राशि कितनी है?

(ग) ''दादाजी, आप पेड़ से किसी डाली का टूटकर अलग होना पसंद नहीं करते, पर क्या आप यह चाहेंगे कि पेड़ से लगी-लगी वह डाल सूखकर मुरझा जाय...'' —प्रस्तुत कथन किसने, किससे और क्यों कहा है?

(घ) दुर्योधन के पक्ष का न्याय क्या है?

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) एकांकी किसे कहते हैं? एकांकी के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी का उद्देश्य क्या है?

(ग) मीना की चारित्रिक विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(घ) 'मम्मी ठकुराइन' एकांकी की कथावस्तु को संक्षेप में लिखिए।

(ङ) जयशंकर प्रसाद **अथवा** भुवनेश्वर प्रसाद पर एक टिप्पणी लिखिए।

4. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

महाराज आग के अंगारों पर नाचने का अवसर तो आपने नहीं दिया—अब मैंने अंगारों पर अपनी देह रखने का अवसर आपसे माँग लिया।

अथवा

मुझे कोई ग्लानि नहीं है। कोई पश्चाताप नहीं है। केवल एक... केवल एक दुःख मेरे साथ जाएगा।

5. हिन्दी एकांकी के उद्भव एवं विकास का संक्षिप्त लेखा-जोखा प्रस्तुत कीजिए। 10

अथवा

एकांकी-तत्त्वों के आधार पर 'यह स्वतंत्रता का युग' एकांकी की समीक्षा कीजिए।

6. पठित पाठ के आधार पर 'उमा' **अथवा** 'रेवा' का चरित्र-चित्रण कीजिए। 10

★★★